Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri B. Senguttuvan, Member of the 16th Lok Sabha; Shri Kalyan Singh, Member of the 14th and 15th Lok Sabhas; Shri Oscar Fernandes, Member of the 7th, 8th, 9th, 10th and 11th Lok Sabhas and sitting Member of Rajya Sabha; Shri Godil Prasad Anuragi, member of the 7th Lok Sabha; Shri Shyam Sunder Somani, Member of the 6th Lok Sabha; Shri Rajnarayan Budholiya, Member of the 14th Lok Sabha; Shri Devwrat Singh , Member of the 14th Lok Sabha and Shri Danve Pundik, Member of the 6th and 9th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दु:ख के साथ हमारे आठ पूर्व साथियों के निधन के संबंध में सभा को सूचित करना है ।

श्री बी. सेनगुट्टुवन 16वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने तमिलनाडु के वेल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे सरकारी उपक्रमों संबंधी संसदीय समिति, उद्योग संबंधी समिति तथा रक्षा संबंधी समिति के सदस्य रहे । श्री बी. सेनगुट्टुवन का निधन 65 वर्ष की आयु में 19 अगस्त, 2021 को वेल्लोर में हुआ था ।

श्री कल्याण सिंह 14वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने क्रमश: उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तथा एटा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय समिति के सभापति तथा रक्षा संबंधी समिति के सदस्य रहे ।

श्री कल्याण सिंह जी, दस बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा में विपक्ष के नेता भी रहे । श्री कल्याण सिंह जी, उत्तर प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री रहे तथा दो बार राज्य के मुख्य मंत्री रहे । श्री कल्याण सिंह जी, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल भी रहे । श्री कल्याण सिंह जी का निधन 89 वर्ष की आयु में 21 अगस्त, 2021 को लखनऊ में हुआ ।

श्री ऑस्कर फर्नांडिस 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं और 11वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने कर्नाटक के उडुपी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय समिति के सभापति तथा सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य भी रहे । श्री ऑस्कर फर्नांडिस जी तीन बार राज्य सभा के सदस्य रहे । वे वर्तमान में भी राज्य सभा के सदस्य थे ।

श्री ऑस्कर फर्नांडिस जी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय और श्रम और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे । श्री ऑस्कर फर्नांडीस जी का निधन 80 वर्ष की आयु में 13 सितम्बर, 2021 को मंगलुरु में हुआ ।

श्री गोदिल प्रसाद अनुरागी 7वीं लोक सभा के सदस्य थे जिन्होंने अविभाजित मध्य प्रदेश के बिलासपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । इससे पूर्व, श्री अनुरागी मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे । श्री गोदिल प्रसाद अनुरागी का निधन 89 वर्ष की आयु में 19 सितम्बर, 2021 को बिलासपुर में हुआ ।

श्री श्याम सुंदर सोमानी छठी लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने राजस्थान के चितौड़गढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री श्याम सुंदर सोमानी का निधन 86 वर्ष की आयु में 26 सितम्बर, 2021 को चितौड़गढ़ में हुआ ।

श्री राजनारायण बुधौलिया 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री बुधौलिया उद्योग संबंधी समिति के सदस्य भी रहे । श्री राजनारायण बुधौलिया का निधन 60 वर्ष की आयु में 10 अक्टूबर, 2021 को हमीरपुर में हुआ ।

श्री देवव्रत सिंह 14 वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के राजनन्दगाँव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे रसायन और उर्वरक संबंधी समिति के सदस्य रहे । श्री सिंह दो बार मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे तथा दो बार छत्तीसगढ़ विधान सभा के सदस्य रहे । श्री सिंह

छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्तमान सदस्य भी थे । श्री देवव्रत सिंह का निधन 52 वर्ष की आयु में 4 नवम्बर, 2021 को राजनन्दगाँव में हुआ ।

श्री हरी दानवे पुंडलिक छठी और 9वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के जालना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री हरी दानवे पुंडलिक का निधन 84 वर्ष की आयु में 01 नवम्बर, 2021 को औरंगाबाद में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर के लिए मौन रहेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ऊँ शांति: शांति: शांति: ।

माननीय अध्यक्ष **:** आइटम नंबर – 3, प्रश्न काल **।**

प्रश्न संख्या – 1, श्री रामदास तडस जी ।

…(व्यवधान)

11.10 hrs

At this stage, S/Shri Gaurav Gogoi, Kalyan Banerjee, Gurjeet Singh Aujla and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)